।। कार्यालय अधीक्षक केन्द्रीय कारागृह बीकानेर ।।

क्रमांक :–स.प्र.अ. / 2018–19 / 15976 दिनांक :– 11.9.18

सपर्क पोर्टल
राजस्थान सरकार जयपुर।

विषयः– सपर्क पोर्टल पर अंकित परिवाद संख्या **09180444338312** के निस्तारण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि सपर्क पोर्टल पर अंकित परिवाद संख्या **09180444338312** में परिवादी श्री ज्ञानेश कुमार द्वारा जेल में मिले मोबाईल के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट निम्नानुसार हैः–

1. केन्द्रीय कारागृह बीकानेर में दिनांक 02.09.18 को प्रातः लगभग 05.30 ए.एम. पर मेनगेटकीपर श्री धनराज पटीर मुख्य प्रहरी न0 2800 ने इस कारागृह के दंडित बंदी नत्था सिंह पुत्र अंग्रेज सिंह व गुयप्रीत उर्फ गोपी पुत्र गुरदेव सिंह को कारागृह में स्थित टावर न0 05 के पास से वार्ड न0 09 की तरफ जाते हुये देखा जिस पर संदेह होने पर आवाज लगाकर रोका व रिलिफ ईन्जार्च श्री श्याम सुन्दर प्रहरी न0 3538 जो गस्त के दौरान महामुख्य प्रहरी कार्यालय से वार्ड न0 01 की तरफ जा रहे थे के साथ गेट मदतगीर श्री सतपाल प्रहरी न0 3615 को भेजा तो उक्त दोनो बंदियों की तलाशी लेने पर बंदी गुरप्रीत उर्फ गोपी पुत्र गुरदेव सिंह के पास 01 नोकिया की पैड बरंग काला मय बैटरी व 02 सिम एवं 03 बण्डल जो की सैलो टेप की मदत से बनाये हुये बरामद किये जिनमें 05 कीपैड सैंमसग, 05 कीपैड नोकिया, 01 टचस्क्रीन एल.वाई.एफ. मय बैटरियों व 06 चार्जर एवं 09 इयरफोन 02 बैटरी बरामद किये। उक्त के संबंध में धटनास्थल का मौका मुआयना कर बंदियों के बयान लिये जाकर धटना में लिप्त कार्मिकों की रिपोर्ट इस कार्यालय के पत्रांक 2150 दिनांक 04.09.18 को मुख्यालय कारागार राजस्थान को प्रेषित कर दी गई है।
2. केन्द्रीय कारागृह बीकानेर में सुरक्षाकार्मियों द्वारा पूर्ण सर्तकता से अपनी ड्यूटी का निषपादन किया जा रहा है। दिनांक 02.09.18 को ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों की सर्तकता एवं सजगता से निषिद्ध सामग्री बरामद कर लिये जाने से उक्त सामग्री बंदियों तक नहीं पहुंच पायी।
3. उक्त के संबंध में बंदियों व जेल कार्मिकों के विरूद्ध पुलिस थाना बीछवाल में एफ. आई.आर. संख्या 213 / 18 दर्ज करवा दी गई है (संलग्न)। प्रकरण अनवेषणाधीन है। धटना में लिप्त बंदियों को जेल दण्ड से दंडित कर दिया गया है।

संलग्नः– उपर्युक्तानुसार
एफ.आई.आर. संख्या 213 / 18 की छायाप्रति

भवदीय
11/9/18
अधीक्षक
केन्द्रीय कारागृह बीकानेर